'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 208 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए रविवार, 13 अक्टूबर 2024 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## गुरूग्राम में विजयदशमी का जश्न, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने किया रावण दहन

समाचार गेट ब्यूरो

**गुरूग्राम।** केंद्रीय बिजली मंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि भगवान श्रीराम ने एक आदर्श प्रस्तुत कर सामाजिक बुराइयों का अंत कर जिस प्रकार से समाज को एकजुट रहते हुए आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया था। उसी प्रकार हम सभी को उनके आदर्शों का अनुसरण करते हुए सामाजिक बुराइयों का अंत कर, आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करना होगा। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि संसार को किसी ने दिशा देने का काम किया है तो वह केवल भारतीय समाज है। केंद्रीय मंत्री शनिवार को विजयादशमी के अवसर पर गुरूग्राम के न्यू कॉलोनी स्थित गीता भवन, श्री सनातन धर्मसभा द्वारा आयोजित विजयादशमी कार्यक्रम में मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।

**संसार को दिशा देने में भारतीय समाज का योगदान सदैव अग्रणीय : मनोहर लाल केंद्रीय बिजली मंत्री**

**गुरूग्राम में गीता भवन श्री सनातन धर्म सभा द्वारा आयोजित विजयदशमी कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर थे केंद्रीय मंत्री**

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने रावण दहन से पूर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जो व्यक्ति अपने स्वार्थ के लिए दूसरे के



हितों को प्रभावित करने की भी परवाह नही करता, ऐसा व्यक्ति अभिमानी होता है। जिसका विनाश निश्चित है। यही अवगुण रावण में थे जिसके चलते सदियों से विजयदशमी के दिन हम भगवान श्री



राम के बताए आदर्शों के तहत उसका पुतला दहन करते हैं।उन्होंने कहा कि रावण दहन तो हम हर साल करते है लेकिन रावण दहन की जो भावना है। उसका निर्वहन भी हम समय-2 पर लोकतांत्रिक व्यवस्था में करते रहते हैं। हम अपनी इच्छा से जनप्रतिनिधि चुनते हैं ताकि समाज की बुराइयों को हटाकर अच्छाइयों को लाते हुए एक समृद्ध समाज का निर्माण कर सकें।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज अपने अहंकार का नाश करने के लिए शिक्षा का अलख जगाना आवश्यक है। व्यक्ति शिक्षित तब होगा जब उनका अहंकार का नाश हो जाएगा। लोगों के पास बहुत कुछ रहता है लेकिन अहंकार के कारण उसकी शक्ति समाप्त हो जाती है। हम सभी को चाहिए कि अशिक्षा, नशाखोरी जैसी आसुरी शक्ति को समाप्त करना आवश्यक है। केंद्रीय मंत्री ने इसके उपरान्त रावण दहन प्रक्रिया पूरी कर सभी प्रदेशवासियों को बुराई पर अच्छाई की जीत के महापर्व की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर डीसी निशांत कुमार यादव, सीपी विकास कुमार अरोड़ा, गुरूग्राम के एसडीएम रविंद्र कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता जवाहर यादव, श्री सनातन धर्मसभा के मुख्य संरक्षक बोधराज सीकरी, संरक्षक धर्मसागर, चेयरमैन सुरेंद्र खुल्लर, प्रधान उदयभान ग्रोवर व मुनीष खुल्लर, महामंत्री बंटू गुप्ता, दिनेश नागपाल, नरेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## भगवान श्रीराम की शिक्षाओं को धारण करके अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहिए : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

### मुख्यमंत्री ने लाडवा में शोभायात्रा को झंडी दिखाकर किया रवाना



समाचार गेट ब्यूरो

**लाडवा।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को विजयदशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए प्रभु श्री राम से प्रदेशवासियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सभी पर्व हम सबको मिलकर मनाने चाहिए, इससे भाईचारा व प्रेम मजबूत होता है।

मुख्यमंत्री जिला कुरुक्षेत्र के लाडवा में विजयदशमी पर्व पर आयोजित शोभायात्रा को झंडी दिखाने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने पूजा-अर्चना करते हुए भगवान श्री राम का व लक्ष्मण जी का किरदार निभाने वाले कलाकारों का राजतिलक किया।

यह शोभायात्रा संगम मार्किट से होते हुए अग्रसेन चौक व मुख्य मार्गों से होते हुए रामकुंडी धर्म स्थान में जाकर संपन्न हुई। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि विजयदशमी पर्व पूरे भारत में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। हमें भगवान श्री राम की शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण करके जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ पूर्व शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री श्री सुभाष सुधा मौजूद रहे। इस मौके पर उपायुक्त श्री राजेश जोगपाल, पुलिस अधीक्षक श्री वरुण कालिया, जय भारत कला मंच के पदाधिकारियों के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 17 अक्टूबर को होगा शपथ ग्रहण समारोह : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

समाचार गेट ब्यूरो

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आगामी 17 अक्टूबर को प्रदेश सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा।

इस शपथ ग्रहण समारोह में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे और बीजेपी का उच्च नेतृत्व भी शिरकत करेगा। मुख्यमंत्री शनिवार को जिला कुरुक्षेत्र में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कैथल में हुए हादसे में मृतक लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की और कहा कि प्रदेश सरकार इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले 10 वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने हर वर्ग के हित के लिए कार्य किया है।



धरातल पर सरकारी योजनाओं को लागू करते हुए पात्र लाभार्थियों को इसका सीधा लाभ पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने विपक्षी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि वे भ्रष्टाचार में फसे हुए है। उन्होंने हिमाचल, कर्नाटक और तेलंगाना में झूठ फैलाकर सत्ता हथियाने का काम किया है, जनता अब समझ चुकी हैं और लोगों का उन पर से विश्वास उठ चुका है। इस मौके पर पूर्व शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## झूठ चाहे जितने भी चेहरे बदल ले, सच के सामने हार ही जाता है : विपुल गोयल

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** दशहरे के पावन अवसर पर फरीदाबाद के नवनिर्वाचित विधायक विपुल गोयल ने तालाब रोड स्थित श्री बजरंग दल दशहरा कमिटी और सेक्टर 16 में श्री महावीर दल दशहरा कमेटी लैय्या बिरादरी द्वारा आयोजित दो अलग-अलग दशहरा कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। दोनों कार्यक्रमों में विपुल गोयल ने समाज को धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश देते हुए सभी को एकजुट रहने का आह्वान किया।



**श्री महावीर दल दशहरा कमेटी के कार्यक्रम में सहभागिता**

महावीर दल दशहरा कमेटी के अध्यक्ष श्री वासुदेव सलूजा, प्रधान आरटीएन धर्म बरेजा और महासचिव राज मिगलानी के नेतृत्व में आयोजित रावण दहन के दौरान विपुल गोयल ने धर्म के हित में एकजुटता की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य परविन्दर मल्होत्रा शंटी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विपुल गोयल ने अपने संबोधन में कहा, अगर युद्ध धर्म के आधार पर लड़ा जाए, तो बुराई चाहे कितनी भी बड़ी हो, जीत सदैव अच्छाई की ही होती है।

**श्री बजरंग दल दशहरा कमेटी के कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति**



श्री बजरंग दल दशहरा कमेटी के प्रधान सन्नी नारंग, सह अध्यक्ष सतीश आहूजा, कोषाध्यक्ष हेमन्त खुराना, महासचिव पीयूष ग्रोवर, उपप्रधान सचिन शर्मा और संजय अरोड़ा ने कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों का पगड़ी बांधकर, फूलों के गुलदस्ते भेंट कर, और स्मृति चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया।

इस कार्यक्रम में उपस्थित विपुल गोयल ने हरियाणा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का उल्लेख करते हुए कहा कि हरियाणा में सभी भाजपा विधायकों में सबसे अधिक, रिकॉर्ड 65% वोट प्राप्त कर जीतने के बाद मैं विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि झूठ चाहे जितने भी चेहरे बदल ले, सच के सामने हार ही जाता है। इस मौके पर केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री और फरीदाबाद के सांसद कृष्णपाल गुर्जर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने इस आयोजन को और भी गौरवशाली बना दिया।

**धार्मिक यात्रा और रावण दहन की भव्यता**

विपुल गोयल और अन्य गणमान्य अतिथियों ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, माता सीता और वीर बजरंगबली हनुमान के स्वरूपों के साथ नगर परिक्रमा की और बराही तालाब पहुंचे। वहां उन्होंने रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों पर तीर चलाकर उन्हें अग्नि प्रज्वलित की, जिसके बाद पुतले धूं-धूं कर जल उठे और समस्त वातावरण धर्म और सत्य की जयकारों से गूंज उठा। विपुल गोयल की इन दोनों कार्यक्रमों में उपस्थिति और उनके वक्तव्य ने स्पष्ट कर दिया कि, चाहे राजनीतिक मंच हो या सामाजिक, उनके लिए धर्म और सत्य का पालन ही सर्वोपरि है।

## राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने हरियाणा के लोगों को दशहरा की शुभकामनाएं दी

समाचार गेट/संजय शर्मा



**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने शनिवार को दशहरे के शुभ अवसर पर हरियाणा और देश के लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। श्री दत्तात्रेय ने अपने संदेश में कहा, बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा एक ऐसा त्योहार है जो धार्मिकता, साहस और अखंडता के मूल्यों को मजबूत करता है। राज्यपाल ने कहा कि दशहरा इस बात की याद दिलाता है कि सत्य और न्याय की हमेशा जीत होती है। यह हमारे कार्यों पर विचार करने और एक ऐसे समाज के निर्माण के लिए खुद को फिर से प्रतिबद्ध करने का समय है जहां समानता, न्याय और समावेशिता को बल मिले। श्री दत्तात्रेय ने कहा, आइए हम भेदभाव, असमानता और सामाजिक अन्याय की बुराइयों को खत्म करने का प्रयास करें और एक सामंजस्यपूर्ण और समृद्ध हरियाणा की दिशा में सामूहिक रूप से काम करें। जब हम विविधता को अपनाते हैं और एक-दूसरे के मतभेदों का सम्मान करते हैं, तभी हम एक न्यायपूर्ण और समावेशी समाज बना सकते हैं। श्री दत्तात्रेय ने सभी से एकजुटता की भावना और समुदाय के कल्याण को ध्यान में रखते हुए दशहरे के त्योहार को सुरक्षित और जिम्मेदारी से मनाने का आग्रह किया।

## आरडब्लूए साऊथ ईस्ट ब्लॉक सेक्टर-9 ने शानदार तरीके से मनाया दशहरा

समाचार गेट/सुमित गोयल

**फरीदाबाद।** रैजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन साऊथ ईस्ट ब्लॉक सेक्टर-9 ने दशहरा शानदार तरीके से मनाया। इस मौके पर प्रधान जितेन्द्र अधाना,महासचिव अरूण चंदीला, उपप्रधान हरेन्द्र चंदीला और रविन्द्र राठौर, कोषाध्यक्ष विकास यादव, पुरूषेतम सैनी रैडक्रकास असिस्टैंट सैकेटरी, वरिष्ठ भाजपा नेता बलजीज चौधरी, बीसी उपरेती,जेडी देवगन, सचिन आहूजा, रवि चतुर्वेदी उपस्थित थे। इस अवसर पर जितेन्द्र अधाना और उनकी टीम ने जैसे रावण के आर्कषक पुतलो का आग लगाई चारो और जय श्री राम,जय श्री राम के जोरदार नारे लगने लगे और बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। रावण दहन के सफल आयोजन के लिए जितेन्द्र अधाना ने अपनी टीम और खासकर लोगों का तहे दिल से धन्यवाद किया जिन्होंने अनुशासन का परिचय देते हुए एक भी व्यक्ति को कोई असुविधा नहीं होने दी।



## जन्मदिन की हार्दिक बधाई



समाचार गेट ब्यूरो

हरियाणा प्रदेश प्रवक्ता बिजेंद्र नेहरा ने शनिवार 12 अक्टूबर को अपने जन्मदिवस के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से दिल्ली में मिले एवं तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर उनको बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।



# बच्चे की नाखून चबाने की आदत ऐसे होगी दूर

कई बार देखा गया है कि बच्चों को जाने-अनजाने नाखून चबाना, दांत पीसना या बेवजह पैर हिलाने की आदत पड़ जाती है। अभिभावक इसे मामूली समझ नजरअंदाज कर देते हैं, जोकि सही नहीं है। मगर, लंबे समय तक ऐसा करने से सेहत को नुकसान होता है। चलिए हम आपको बताते है कि बच्चों में स्टिमिंग का आदत को कैसे कंट्रोल कर सकते हैं।

बच्चों में नाखून चबाना, बालों को घुमाना, पैर-हाथ हिलाने की आदतों को इन आदतों को ऑटिज्म से जुड़ा माना जाता है। हालांकि अगर समय रहते अभिभावक कुछ उपाये करें तो उनकी ये आदतें छुड़वाई भी जा सकती है।

इसने कई प्रकार के नुकसान होते हैं।

- गंदगी से भरे नाखून जब मुंह में जाते हैं तो इससे बच्चों को इंफेक्शन, दांत कमजोर, मसूड़ों की बीमारियां, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल इंफेक्शन्स , डायरिया और पेट दर्द की समस्या हो सकती है।
- पैर हिलाने की आदत से लगातार पैरों में दर्द व सनसनी, खिंचाव, भारीपन, , कमजोर मांसपेशियां और पैरों में चुभन महसूस होने लगती है। वहीं, इससे जोड़ कमजोर और ब्लड सर्कुलेशन बिगड़ने का डर भी रहता है।
- लंबे समय तक उंगलियां चटकाने से गठिया रोग की समस्या भी हो सकती है। दरअसल, ये हड्डियां एक दूसरे से जुड़ी होती है और उंगलियां चटकाने से इनके बीच मौजूद द्रव कम होता जाता है, जिससे बच्चे इस बीमारी की चपेट में आ सकते हैं।

## नाखून चबाने की आदत

बच्चों की उंगलियों में नीम या लौंग का तेल लगा दें। इसका स्वाद कड़वा होता है, जिससे बच्चे की नाखून चबाने की आदत छोड़ देती है।

बच्चों को व्यस्त रखें। उनसे ड्राइंग करवाएं या हाथों की कोई भी एक्टिविटी करवाएं। अगर बच्चे पढ़ते या टीवी देखते समय ऐसा करते हैं तो उन्हें खानपान में व्यस्त रखें ।

## पैर हिलाने पर तुरंत टोकें

जैसे ही बच्चे पैर हिलाने लगे तो उन्हें तुरंत टोक दें। आपके बार-बार ऐसा करने से उनकी आदत दूर हो जाएगी। हो सकता है बच्चा ऐसा स्ट्रेस की वजह से कर रहे हों। ऐसे में उन्हें तनावमुक्त रखने के लिए फिजिकल एक्टिवीटी ज्यादा करवाएं और उन्हें व्यस्त रखें।

## योग से दूर होगा स्ट्रेस

आपका बार-बार बालों से खेलता है तो उन्हें टोक दें और समझाएं कि ये गलत है। शुरु से ही बच्चे को तनाव मुक्त और रखने के लिए योगा करवाएं।



# बच्चों को सेहतमंद रखेंगे ये पौष्टिक आहार

**कोरोना महामारी के इस दौर में अगर आप अपने बच्चे को सेहतमंद रखने के साथ ही उसकी रोग प्रतिरोधी शक्ति बढ़ाना चाहते हैं तो उसे बचपन से ही पौष्टिक चीजें खाने की आदत डालें। बच्चों की अच्छी सेहत के लिए उनके खाने में पौष्टिक चीजें शामिल करने से उनका शारीरिक व मानसिक विकास भी बेहतर तरीके से होता है। ऐसे में अक्सर अभिभावक इस बात से परेशान रहते हैं कि आखिर बच्चों को किस प्रकार का आहार देना चाहिये। अगर आप भी इसी समस्या से परेशान है तो यह जानकारी आप के लिए लाभदायक साबित हो सकती है। कुछ आहार ऐसे हैं जिनसे बीमारियों से बचाव के साथ ही रोग प्रतिरोधक शक्ति भी बढ़ती है।**

## शकरकंद

इसका सेवन करने से रोग प्रतिरोधी शक्ति बढ़ने के साथ बीमारियों से भी बचाव रहता है। फाइबर की मात्रा अधिक होने से इसका सेवन करने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है। ऐसे में आप चाहे तो इसे बच्चे को 6 महीने का होने के बाद खिला सकते हैं। यह बच्चे के लिए बेस्ट आहार माना जाता है।

## दलिया

बच्चों के बेहतर विकास के दलिया एक संपूर्ण आहार माना जाता है। फाइबर, आयरन और अन्य जरूरी तत्वों से भरपूर दलिया का सेवन करने से बच्चे को सही वजन मिलता है। आप इसे नमकीन, दूध वाला या पेनकेक की तरह बना कर बच्चे को खिला सकते हैं।

## गाय का दूध

एक साल से छोटे बच्चे के लिए मां का दूध ही संपूर्ण आहार होता है। मगर आपका बच्चा एक साल से बड़ा है तो उसे रोजाना 3 बार गाय का दूध पिलाएं। इससे उसे सभी उचित तत्व मिलने के साथ बीमारियों से बचाव रहेगा।

## केला

विटामिन, कैल्शियम, फाइबर, पोटेशियम आदि से भरपूर केले का सेवन करने से अंदर से मजबूती मिलती है। साथ ही इसमें फाइबर अधिक होने से लंबे समय तक भूख नहीं लगती है। ऐसे में वजन भी कंट्रोल में रहता है। अगर बच्चा केला खाने से मना करें तो आप उसे इससे मफीन, पैन केक या बनाना शेक बना कर दे सकते हैं।

पौष्टिक गुणों से भरपूर आड़ू का सेवन करने से बच्चे का विकास बेहतर तरीके से होता है। इसके सेवन से मांसपेशियों व हड्डियों में मजबूती आती है। आप इससे शेक, फ्रूट चाट, स्मूदी के तौर पर बच्चे को दें सकते हैं।

## नाशपाती

नाशपाती में विटामिन, फाइबर, आयरन, एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं। आयरन अधिक मात्रा में होने से यह शरीर में खून की कमी पूरा करने में मदद करता है। साथ ही मांसपेशियों व हड्डियों में मजबूती आती है।

## घी

घी का सेवन करना मां और बच्चा दोनों के लिए फायदेमंद होता है। इससे रोग प्रतिरोधी शक्ति बढ़ने से बीमारियों से लड़ने की ताकत बढ़ती है। मगर बच्चे को इसे हजम करने में मुश्किल न आए ऐसे में उसे कम मात्रा में ही खिलाएं।

## मटर

इसमें विटामिन, कैल्शियम, आयरन, फास्फोरस आदि अधिक मात्रा में होते हैं। आप बच्चों को मटर का सूप, खिचड़ी या सब्जी के रूप में खिला सकते हैं। इससे बच्चे का शारीरिक व मानसिक विकास होने में मदद मिलती है।

## चीज़

आप अपने 8 महीने के बच्चे को चीज खिला सकते हैं। इसमें फास्फोरस, कैल्शियम अधिक होने से बच्चे की ग्रोथ बेहतर तरीके से होती है। आप इसे सीधा या सलाद में मिलाकर खिला सकती है।

## सूखे मेवे

बच्चे की ग्रोथ के लिए उसकी डाइट में सूखे मेवे शामिल करना बेस्ट ऑप्शन है। आप इसे रातभर भिगो कर या पाउडर बनाकर बच्चे के दूध में मिलाकर पिला सकते हैं। इसके अलावा इसके लड्डू या बर्फी में मिलाकर भी इसे खिलाया जा सकता है। मगर हैवी होने के चलते इसे बच्चे को हफ्ते में 2 बार ही खिलाएं।

## हैल्दी ड्रिंक्स

आप घर ही साबुत अनाज, दालों को मिक्सी में पीसकर मल्टीग्रेन पाउडर तैयार कर सकते हैं। इस पाउडर को दूध में मिलाकर पीने से बच्चे को सभी जरूरी तत्व आसानी से मिल जाएंगे।

## आलू

6 महीने बाद बच्चों को आलू उबाल कर खिलाना फायदेमंद होता है। इससे बच्चे की ग्रोथ अच्छे से होने के साथ बीमारियों से बचाव रहता है। आप आलू को खिचड़ी, सूप, उबालकर आदि तरह बच्चे की डाइट में शामिल कर सकते हैं।




# बच्चों को यातायात के नियम भी बताएं

स्कूल और घर में ज्यादा दूरी ना होने के कारण बच्चे अकेले ही वहां चले जाते हैं। ऐसे में हमें उन्हें यातायात के सुरक्षा नियमों की जानकारी देनी चाहिये ताकि बच्चे सुरक्षित रूप से स्कूल आ जा सकें। ध्यान रखें कि आपके बच्चे एक ही रूट से प्रतिदिन आएं-जाएं और वह रास्ता सुरक्षा की दृष्टि से भी सही होना चाहिए। उन्हें ऐसे रास्ते से भेजें जिसमें सड़क पर कम-से-कम क्रासिंग हो ताकि उन्हें बार-बार सड़क पार ना करनी पड़ी।

किसी भी तरह का गैजेट जैसे मोबाइल, वीडियो गेम, टैबलेट एवं आई पैड इत्यादि उन्हें देने से बचें ताकि बच्चे सड़क पर फोन पर बात करते हुए, गाने सुनते हुए या गेम खेलते हुए किसी दुर्घटना का शिकार ना हों।

अपने बच्चों को सुरक्षा नियमों का पालन करने को कहें। चाहे वे पैदल जाते हों या वैन एवं बस में उन्हें पता होना चाहिए कि वैन में कैसे बैठना है। यदि आगे की सीट पर बैठ हैं तो बैल्ट लगा कर बैठें। सड़क पार कर रहे हैं सिग्नल देख कर करें। अपने बच्चों को लाल, हरी और पीली बत्ती का फर्क समझाएं।

दस साल से कम उम्र के बच्चों के साथ किसी बड़े का होना जरूरी है। उन्हें कभी भी सड़क पर अकेले ना छोड़ें। जब तक कि उनमें सड़क नियमों को समझने की परिपक्वता ना आ जाए।

अपने बच्चों को अजनबियों से सावधान रहने को कहें। उन्हें समझाएं किसी भी अजनबी से कोई भी उपहार, टॉफी या खाने की चीज ना लें और ना ही उनके साथ कहीं जाएं।

बच्चों को समझाएं कि सड़क के किनारे से सिग्नल को देखकर और जेब्रा क्रासिंग पर ही सड़क पार करें।

बच्चों को बताएं कि बस से उतरने के बाद हमेशा उसके सामने से ही जाएं ताकि ड्राइवर उन्हें जाते हुए देख सके।

कभी भी सड़क पर मस्ती-मजाक करते हुए दौड़ ना लगाएं। कार पार्किंग के बीच में ना भागें।

बच्चों को अपने मोबाइल और घर के नंबर, घर का पता, स्कूल का पता याद करवा दें ताकि जरूरत पड़ने पर या किसी मुसीबत में वे आपसे संपर्क कर सकें।

यदि आपके बड़े बच्चे बाइक, स्कूटर या स्केट बोर्ड से स्कूल जाते हैं तो उन्हें हैलमेट पहनने को जरूर कहें। उनकी सुरक्षा करने के लिए ध्यान दें कि वे इसका पालन कर रहे हैं या नहीं।

# बच्चों को बताएं गुड और बैड टच में अंतर

जिस प्रकार आजकल मासूम बच्चों के साथ अपराध बढ़ रहे हैं उससे अभिभावकों का चिंतित होना लाजिमी है। बच्चों को घर के अंदर बंद तो नहीं रखा जा सकता। ऐसे में उन्हें किसी भी अप्रिय घटना से बचने के तरीके समझाना जरुरी है क्योंकि हाल के दिनों में स्कूलों में भी बच्चों के साथ कई हादसे हुए हैं।

बच्चों को सतर्क करना इसलिए जरुरी हैं क्योंकि बच्चे बहुत ज्यादा भोले और मासूम होते हैं। उनको अच्छे और बुरे की कोई समझ नहीं होती। जो भी उनको प्यार से बुलाता है वह उसको अपना समझने लगते हैं। उस व्यक्ति के साथ प्यार से बात करने लगते हैं। कई बार तो बच्चे अनजान इंसान के साथ भी चले जाते हैं। बच्चे मन के साफ होते हैं वह समझ नहीं पाते कि किसी के दिमाग में क्या है। ऐसे में मां-बाप को चाहिए कि वह अपने बच्चों को गुड और बैड टच के बारे में जरूर बताएं। ताकि वह किसी यौन शोषण का शिकार ना हो पाएं।

## बताएं क्या है बैड टच और गुड टच

बच्चों को नहीं पता कि गुड टच और बैड टच क्या होता है। इसलिए आप उन्हें ना सिर्फ इसके बारे में बताएं बल्कि उन्हें समझाने की कोशिश करें, ताकि वो आसानी से समझ सके। बच्चों को बतायें कि कोई भी अनजान उनके करीब आने का प्रयास करे तो दूर हो जायें और अगर वह उन्हें जबरदस्ती पकड़े तो शोर मचाकर लोगों को बतायें। किसी अनजान की बातों में न आयें और न ही खाने पीने का सामान लें। कोई लालच दे तो भी इंकार कर दें।



# तेज दिमाग के लिए बच्चों को एनर्जी ड्रिंक

अगर आप का बच्चा भी जल्दी भूल जाता है और इससे उसे पढाई में भी परेशानी आती है तो इसमें पोषण की कमी हो सकती है। कई बार संतुलित आहार या किसी तत्व की कमी से भी ऐसा होता है। इसका कारण यह भी है कि बच्चे खाने- पीने में बहुत ही आनाकानी करते हैं। ऐसे में उन्हें सही पोषण न मिलने के कारण दिगाम का विकास ठीक से नहीं हो पाता। ऐसे में बच्चों को ड्राई फ्रूट्स से एक एनर्जी ड्रिंक बनाकर दें। प्रतिदिन इस एनर्जी ड्रिंक का सेवन करने से बच्चे की यददाश्त बेहतर होने के साथ ही उसका दिमाग भी तेज होगा। एनर्जी ड्रिंक के लिए खरबूजे के बीज, हरी इलायची, बादाम, खसखस, सौंफ और काली मिर्च को मिलाकर बनाया जा सकता है।

ड्राई फ्रूट्स से तैयार इस ड्रिंक को पीने से बच्चे को सभी उचित तत्व आसानी से मिल जाएंगे। इससे उसके शरीर व दिमाग का बेहतर तरीके से विकास होने के साथ बीमारियों से बचाव रहेगा। आप इसे बच्चों को सुबह और शाम को भूख लगने पर पिला सकती है। इससे मिलेंगे ये फायदे

## तेज दिमाग



ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर अखरोट का सेवन करने से दिमाग का विकास अच्छे से होगा। ऐसे में स्मरण शक्ति बढ़ने में मदद मिलेगी।

## खून की कमी होगी दूर

सूखे मेवों से तैयार इस ड्रिंक को पीने से शरीर को भरपूर मात्रा में आयरन मिलेगा। ऐसे में खून की कमी पूरी होगी। साथ ही थकान व कमजोरी की परेशानी से छुटकारा मिलेगा। शरीर दिनभर एनर्जेटिक रहेगा।

## आंखों के लिए फायदेमंद

विटामिन-ए का उचित स्त्रोत होने से आंखों की रोशनी बढ़ने में मदद मिलेगी। साथ ही इससे जुड़ी बीमारियों के होने का खतरा भी कम रहेगा।

## रोग प्रतिरोधी शक्ति बढ़ेगी

इस हेल्दी ड्रिंक का सेवन करने से बच्चे की इम्यूनिटी स्ट्रांग होगी। ऐसे में बीमारियों की चपेट में आने का खतरा कम रहेगा। साथ ही बच्चे में सुस्ती व कमजोरी दूर हो ताकत आएगी। इसतरह आपका बच्चा दिनभर एनर्जेटिक महसूस करेगा।

## सही वजन दिलाए

रोजाना इस ड्रिंक के 1-2 गिलास बच्चे को जरूर पिलाएं। इससे बच्चों का दुबलापन दूर हो उन्हें सही वजन मिलने में मदद मिलेगी।

## मजबूत हड्डियां

इसके सेवन से विटामिन, कैल्शियम की कमी पूरी होगी। ऐसे में बच्चे के मांसपेशियों व हड्डियों में मजबूती आएगी। साथ ही बेहतर तरीके से विकास होने में मदद मिलेगी।

## कब्ज से राहत

इसमें फाइबर की मात्रा अधिक होने से कब्ज की परेशानी से छुटकारा मिलेगा। पेट अच्छे से साफ हो बेहतर तरीके से विकास होने में मदद मिलेगी।

## बेहतर पाचन तंत्र

सूखे मेवे विटामिन, आयरन, एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होते हैं। ऐसे में इस ड्रिंक का सेवन करने से पाचन तंत्र मजबूत होने में मदद मिलती है। इससे अपच, पेट दर्द, एसिडिटी की परेशानी से राहत मिलती है.



# 34 साल की हुई रकुलप्रीत सिंह, मना रही बर्थडे

बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा रकुल प्रीत सिंह 34 साल की हो गई है। वह अपना बर्थडे मना रही हैं। खास बात यह है कि शादी के बाद यह रकुल का पहला बर्थडे है, जिसे और भी खास बनाने के लिए उनके पति, जैकी भगनानी ने दिल खोलकर प्यार लुटाया है। जैकी ने इंस्टाग्राम पर रकुल के साथ बिताए कुछ यादगार पलों का एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में रकुल और जैकी की फोटोशूट्स, इवेंट्स, वेकेशन, शादी समारोह और शादी के बाद की खूबसूरत झलकियां शामिल हैं। जैकी ने इस पोस्ट के साथ भावुक कैप्शन लिखा, जिसमें उन्होंने अपनी पत्नी रकुल के प्रति अपने प्यार और सम्मान को व्यक्त किया। जैकी ने लिखा, जैसा कि मैं अपने विचारों को लिखता हूं, मैं उन सभी अनमोल पलों को फिर से जीता हूं, जो हमने सालों से साझा किए हैं। उस पल से जब हम मिले थे, उस पल तक जब हमने शादी की थी। यह जानकर कि मुझे हर दिन आपके साथ जीवन बिताने का मौका मिलता है, मुझे दुनिया का सबसे खुश इंसान बनाता है। उन्होंने आगे लिखा, आप एक बेहतरीन इंसान हैं और मुझे हमेशा गर्व महसूस करवाती हैं। मेरी बीवी नंबर 1 को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपने हमारे जीवन को इतना खूबसूरत बना दिया है, मैं बहुत आभारी हूं। जैकी की इस रोमांटिक पोस्ट पर रकुल ने भी प्यार भरा जवाब देते हुए लिखा, लव यू बेबी माई लाइफ। इस प्यारे संवाद को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं और रकुल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। काम की बात करें तो रकुल फिलहाल अपनी आने वाली फिल्म दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसमें वह अजय देवगन और आर माधवन के साथ नजर आएंगी। बर्थडे पर रकुल को उनके फैंस और करीबियों से सोशल मीडिया पर ढेर सारी शुभकामनाएं मिल रही हैं।



# मेहंदी लगा के रखना पर थिरकती नजर आईं निकिता दत्ता

बालीवुड के सुपर स्टार शाहरुख खान के प्रति एक्ट्रेस निकिता दत्ता का प्यार किसी से छुपा नहीं है। अक्सर अपने सोशल मीडिया पोस्ट्स के जरिए निकिता इसे जाहिर करती रहती हैं। बीते दिनों अभिनेत्री ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें वह दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे के प्रसिद्ध गाने मेहंदी लगा के रखना पर थिरकती नजर आईं। यह वाकया अजरबैजान के बाकू में हुआ, जहां निकिता छुट्टियां मना रही थीं। एक बाकलावा की दुकान में जाने पर दुकानदार ने शाहरुख के इस हिट गाने की धुन बजाई, और निकिता खुद को रोक नहीं पाईं और वहीं डांस करने लगीं। निकिता ने अपने इस खास पल का वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया और इसे दिलचस्प कैप्शन दिया, एक सार्वभौमिक प्रेम भाषा है। इसे आईएमएसआरके कहा जाता है। यह बाकू में एक बाकलावा की दुकान है! इस आदमी के पास शाहरुख के गानों से भरी पूरी प्लेलिस्ट थी। निकिता ने शाहरुख को सार्वभौमिक प्रेम भाषा कहकर उनकी लोकप्रियता और अपनी भावनाओं का बेहतरीन इजहार किया है इससे पहले भी निकिता कई बार शाहरुख खान के प्रति अपनी दीवानगी का इजहार कर चुकी हैं। इस साल की शुरुआत में उन्होंने शाहरुख के साथ डेट पर जाने की इच्छा जताई थी। एक इंटरव्यू में निकिता ने कहा था, निस्संदेह, शाहरुख खान। मैं हमेशा उनसे प्रभावित रहती हूं और उनके साथ काम करने के लिए मरी जा रही हूं। काम की बात करे तो निकिता दत्ता सिद्धार्थ आनंद की नेटफ्लिक्स प्रोडक्शन फिल्म ज्वेल थीफ में दिखाई देंगी।




# मल्लिका शेरावत ने बताया मर्डर में इमरान हाशमी संग बोल्ड सीन करने का अनुभव

बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत ने फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' से बड़े पर्दे पर कमबैक किया है। मल्लिका शेरावत ने अपनी फिल्मों में जमकर बोल्ड सीन देकर अलग पहचान हासिल की था। साल 2004 में रिलीज हुई फिल्म 'मर्डर' में मल्लिका ने इमरान हाशमी संग खूब बोल्ड सीन दिए थे। इसके बाद कई फिल्मों में मल्लिका शेरावत की बोल्डनेस देखने को मिली। वहीं अब मल्लिका ने एक इंटरव्यू में फिल्म इंडस्ट्री में अपने शुरुआती वर्षों को किया है। साथ ही उन्होंने फिल्ममेकर महेश भट्ट के प्रति आभार भी व्यक्त किया है। मल्लिका ने फिल्म 'मर्डर' में इमरान हाशमी संग दिए बोल्ड सीन को लेकर भी बात की। एक इंटरव्यू में मल्लिक शेरावत ने कहा, इमरान एक जेंटलमैन हैं। उन्होंने मर्डर की शूटिंग के दौरान उन्हें काफी कम्फर्टेबल भी फील करवाया था। वहीं दूसरी ओर महेश भट्ट ने भी पूरी कोशिश की कि सेट पर हर कोई सुरक्षित ही फील करे। हालांकि इससे पहले इमरान और मल्लिका दोनों ही पब्लिक में एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी कर चुके हैं। उन्होंने कहा, उनके सेट पर सभी लड़कियां बहुत सुरक्षित हैं मर्डर में बोल्ड सीन करते हुए भी मुझे बहुत सुरक्षित महसूस हुआ बेशक, कोई भी थोड़ा असहज महसूस करता है क्योंकि यूनिट में बहुत सारे लोग होते हैं लेकिन भट्ट साहब और इमरान हाशमी दोनों ने मुझे बहुत सहज बनाया इमरान बिल्कुल सज्जन व्यक्ति थे।

# बिग बॉस में शिल्पा ने अपने अतीत को किया याद

रियलिटी शो बिग बॉस 18 में अपनी उपस्थिति को लेकर एक्ट्रेस शिल्पा शिरोडकर चर्चा में हैं। शो के दौरान, उन्होंने कहा कि उनके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है और वह हमेशा असली शिल्पा के रूप में दर्शकों के सामने रहेंगी। हाल ही के एपिसोड में, उन्होंने कंटेस्टेंट गुणरत्न के साथ अपने व्यक्तिगत संघर्षों और दर्द को साझा किया। शिल्पा ने अपने जीवन के कठिन समय को याद करते हुए बताया कि 2008 में उनके माता–पिता का निधन हुआ, जिसने उन्हें मानसिक रूप से बुरी तरह प्रभावित किया। उन्होंने खुलासा किया कि इस मुश्किल दौर में वह क्लिनिकल डिप्रेशन में चली गई थीं। भावुक होकर शिल्पा ने कहा, जब मेरे मम्मी–पापा गुजर गए थे, मैं बुरी तरह टूट गई थी एक्ट्रेस ने अपने पति अपरेश रंजीत की प्रशंसा की, जो उस समय करियर के शिखर पर थे। उन्होंने बताया कि उनके पति ने उस कठिन समय में उनके लिए बहुत कुछ कुर्बान किया। शिल्पा ने कहा, वह सब कुछ छोड़कर भारत आ गए थे। अगर उस वक्त अपरेश कहते कि मैं कुछ नहीं छोड़ूंगा, तुम कुर्बानी दो, तो शायद वह आज अपने करियर में एक अलग मुकाम पर होते। गुणरत्न ने शिल्पा से कहा कि अगर वह इंडस्ट्री छोड़कर नहीं जातीं, तो आज उनके पास माधुरी दीक्षित जैसा स्टारडम होता। इस पर शिल्पा ने उत्तर दिया, ये नसीब की बात है। मुझे किसी चीज का कोई पछतावा नहीं है। शिल्पा शिरोडकर का यह खुलासा दर्शकों को उनकी जिंदगी के संघर्षों और रिश्तों की गहराई का एहसास कराता है। उनके अनुभव और सोच से यह स्पष्ट होता है कि कठिन समय में अपनों का साथ कितना महत्वपूर्ण होता है।





# मैंने आज तक 'बिग बॉस' नहीं देखा, लेकिन अब देखेंगे : ऋतिक रोशन

'बिग बॉस' शो को लेकर बॉलीवुड के सुपरस्टार ऋतिक रोशन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है। 'बिग बॉस' के निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर ऋतिक का यह वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वह शो के प्रति अपने उत्साह को व्यक्त करते हुए कहते हैं, 'इतना सफल शो होने के बावजूद मैंने आज तक 'बिग बॉस' नहीं देखा, लेकिन इस बार इसे जरूर देखेंगे क्योंकि इस बार इसमें मेरा एक खास दोस्त आ रहा है।' वीडियो में ऋतिक के दोस्त की झलक दिखाई गई है, हालांकि उनके चेहरे को छिपाया गया है। वह कहते हैं कि वे लोगों के दिमाग को अच्छी जिंदगी जीने के लिए प्रशिक्षित करते हैं। वह शो के होस्ट सलमान खान को हैरान कर देते हैं, जब वह सलमान से पूछते हैं, फ्रआपसे हर बार पूछा जाता है कि आप शादी क्यों नहीं करते, इसका जवाब मेरे पास है।फ्र इस चतुराई से भरी बात ने सलमान को चौंका दिया। इस संवाद से ऐसा लगता है कि वह कोई और नहीं बल्कि लाइफ कोच अरफीन खान हैं। अरफीन खान ने सीईओ, छात्रों, बॉलीवुड हस्तियों और उद्योगपतियों के साथ काम किया है। उनकी कंपनी के यूके और मुंबई में कार्यालय हैं। उनकी वेबसाइट के अनुसार, उन्होंने 150 से अधिक कंपनियों से बात की है, जिसमें 'ग्लोबल फॉर्च्यून 500 कंपनियां' शामिल हैं। उनके प्रेजेंटेशन से कर्मचारियों के बीच झगड़ों में कमी आई है और काम में सुधार देखने को मिला है। अरफीन खान का करियर 25 साल का है, और उन्होंने 47 से अधिक देशों में 600,000 से अधिक लोगों को लाइफ कोच के रूप में फायदा पहुंचाया है।

# बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में कल्कि 2898 एडी को मिली शानदार प्रतिक्रिया

वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित और नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, फिल्म कल्कि 2898 एडी अपने शानदार दृश्यों और आकर्षक कहानी से दर्शकों को प्रभावित करने में सफल रही, जिसने भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर एक मजबूत पहचान दिलाई। यह फिल्म भारतीय पौराणिक कथाओं और भविष्य के विषयों के तत्वों को जोड़ती है।

हाल ही में बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिबल में कल्कि 2898 एडी की स्क्रीनिंग में निर्माता स्वप्ना और प्रियंका दत्त शामिल हुईं, जो दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया से खुश थीं। निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया पर तस्वीरों का एक सेट साझा करते हुए लिखा, एक अविस्मरणीय क्षण हम प्रतिष्ठित बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में फ्कल्कि2898एडी के लिए मिली अविश्वसनीय प्रतिक्रिया से वास्तव में अभिभूत हैं। ऋबुसानफिल्मफेस्ट। प्रभास, अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण और कमाल हसन जैसे सितारों से सजी कल्कि 2898 एडी में प्राचीन कहानियों को भविष्य की दृष्टि से जोड़ा गया है। 1100 करोड़ रुपये से अधिक की वैश्विक कमाई के साथ, कल्कि 2898 एडी ने न केवल वर्ष 2024 की सबसे अधिक कमाई करने वाली भारतीय फिल्म का खिताब हासिल किया है, बल्कि दुनिया भर में 7वीं सबसे अधिक कमाई करने वाली भारतीय फिल्म का दर्जा भी हासिल किया है।

